# सूर्या फाउण्डेशन
# आदर्श गाँव योजना

मासिक ई पत्रिका अंक – 12

मई – 2021

## चयनित आदर्श गाँव



सामूहिक श्रमदान

> “समाज के परस्पर सहयोग की भावना से ही ग्रामोदय संभव होगा अर्थात् ग्राम में कृषि क्षेत्र को बढ़ाने, उससे जुड़ी सारी सुख सुविधाओं को पहुँचाने, गाँव में कुटीर उद्योग को बढ़ाने, लोगों की रोजमर्रा की जरूरतें जैसे– ग्रामीण स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क आदि से ही गाँव का पूरा विकास संभव है।”
>
> – नानाजी देशमुख



काढ़ा वितरण

**मेरा गाँव**
**मेरा बड़ा परिवार**



मास्क वितरण

suryaadarshgaonyojna
suryafoundation1
@suryafnd
surya_foundation
suryafoundation
sf10idealvillage
suryafoundation.org

# जैविक खाद व वर्मी पैक गड्ढे का निर्माण

## बसई, उधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

उत्तराखण्ड राज्य के उधमसिंह नगर जिले के बसई का मझरा गाँव अपने क्षेत्र में सब्जी उत्पादन के लिए पहचान बनाने वाला गाँव है। यहाँ रहने वाले ज्यादातर किसान जैविक सब्जियों का उत्पादन करते हैं। जैविक खाद तैयार करने के लिए गाँव के 20 किसानों द्वारा वर्मी पैक गड्ढे तैयार किये गये हैं।

वर्मी पैक गड्ढे में तैयार जैविक खाद ऐसी खाद है, जो खेती के लिए सर्वोत्तम है। वर्मी पैक गड्ढा बनाने के लिए उत्तराखण्ड सरकार की ओर से किसानों को सहयोग राशि मुहैया करायी जा रही है। वर्मी पैक गड्ढे की लंबाई 12 फीट, चौड़ाई 4 फीट और गहराई 3 फिट होती है।

पशुपालन करने वाले किसान पशुओं के गोबर से खाद तैयार करते हैं, जिसका प्रयोग खेतों में, पोषण वाटिका, गमलों आदि में किया जाता है। इस खाद के प्रयोग से किसानों की फसल उत्पादन की मात्रा में बढ़ोत्तरी होती है।

इस खाद के परिणाम को देखते हुए गाँव के 10 और किसानों ने वर्मी पैक गड्ढे बनाने के लिए आवेदन किया है। जिसकी प्रक्रिया अभी चल रही है। वर्मी पैक गड्ढे को घर के पास या खेत के किसी भी कोने में बनाया जा सकता है। इसमें घरों से निकलने वाला कूड़ा भी डाला जा सकता है। इससे कचरे से फैलने वाली गंदगी नहीं फैलेगी गाँव में स्वच्छता रहेगी।



**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**

**Facebook : Adarshgaonbasai**

### ।। अन्य कार्य ।।

- 100 परिवारों में मास्क वितरण किया गया।
- पूरे गाँव में सेनेटाइजर का छिड़काव किया गया।
- कोरोना वैक्सीन के लिए लोगों को जागरुक कर रजिस्ट्रेशन करवाया गया।
- काढ़े के प्रयोग के लिए ग्रामीणों को जागरुक किया गया।

# गाँव में चलाया गया 'द ब्रेक चैन' अभियान

## फफूण्डा, मेरठ (उत्तर प्रदेश)

सूर्या फाउण्डेशन व सेवाभावी की मदद से कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए **द ब्रेक चैन** अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत मेरठ के चयनित आदर्श गाँव फफूण्डा में कोरोना वायरस से बचाव के उपायों और वैक्सीन लगवाने के विषय में ग्रामीणों को जागरुक किया गया। इसमें सूर्या यूथ क्लब के युवाओं और सेवाभावी कार्यकताओं की अहम भूमिका रही।

गाँव में ग्राम प्रधान के सहयोग से गाँव के जरूरतमंद 20 परिवारों को मेडिसिन किट भी दिया गया। साथ ही डॉक्टर द्वारा मेडिसिन किट के दवाओं के बारे में पूरी जानकारी दी गयी, जिससें परिवार के सदस्य छोटी-छोटी बीमारियों को स्वयं ठीक कर सकें, इसके लिए बार-बार चिकित्सालयों के चक्कर न काटने पड़ें।

सेवाभावी तथा यूथ क्लब के युवाओं के सहयोग से ग्रामीणों को 2000 मास्क व सेनिटाइजर का वितरण किया गया और यह संदेश भी दिया गया कि वे मास्क का उपयोग करें, शारीरिक दूरी का पालन करें, स्वच्छता जैसे नियमों का पालन करें और जरूरी कार्य के चलते ही घरों से बाहर निकलने की अपील की गयी साथ ही वैक्सीन लगवाने के लिये लोगों को प्रेरित किया गया।

कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहा यह अभियान फफूण्डा गाँव के आसपास तीन गाँवों (बिजोली, पीपली और केली) में भी चलाया गया। सभी ग्रामीणों ने पूरा सहयोग किया और सावधानी हेतु बनाये गये नियमों का पालन किया।

**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**
**Facebook : Adarshgaonfafunda**

### ।। अन्य कार्य ।।

- ई-पीडीसी में गाँव के पाँच भैया-बहनों ने हिस्सा लिया।
- पोषण वाटिका बनाने वाले 50 परिवारों का चयन किया।
- सूर्या यूथ क्लब के युवाओं व सेवाभावी के साथ समिति बनाई गयी।
- कोरोना वैक्सिनेशन को लेकर गाँव में जागरुकता अभियान चलाया गया।





# ग्रामीणों के सहयोग से गाँव में मास्क वितरण

## कादीपुर, काशी (उत्तर प्रदेश)

वर्तमान समय में लोग अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अनेकों उपाय कर रहे हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु नियमित योग अभ्यास गाँव तथा घर के आसपास साफ-सफाई से सभी प्रकार से लोग जागरुक हुए हैं। वाराणसी का कादीपुर गाँव एक ऐसा गाँव है जहाँ पर कोरोना की भीषण महामारी में लोग अपनी सूझ-बूझ एवं सतर्कता से अपना बचाव कर रहे हैं।

सूर्या फाउण्डेशन के कार्यकताओं ने लोगों को काढ़ा बनाने तथा काढ़े का नियमित सेवन करने के लिए प्रेरित किया है। साथ ही बहुत आवश्यक होने पर ही मास्क लगाकर घर से बाहर निकलने, हमेशा शारीरिक दूरी का पालन आदि प्रयासों से ग्रामीणों को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। जिसका परिणाम यह रहा कि अब तक गाँव में एक भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं हुआ है। ऐसे सेवाकार्यों में गाँव के सेवाभावी कार्यकर्ता भी पीछे नहीं हैं। वे स्वप्रेरणा से गाँव के उन परिवारों में अपना सहयोग दे रहे हैं जिन परिवारों में उनकी सबसे अधिक आवश्यकता थी।

**''सूर्या फाउण्डेशन प्रशिक्षण केन्द्र झिंझौली से प्रशिक्षण प्राप्त सेवाभावी संतोष कुमार जी, हीरालाल जी और सूर्या सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र से प्रशिक्षण ले चुकी बहनों के सहयोग से गाँव में 1000 मास्क का वितरण किया गया है। इन मास्कों को सिलाई केन्द्र की बहनों नें सिलकर तैयार किया।''** लोग मास्क का प्रयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों का प्रण है कि इस महामारी को हम अपने गाँव में प्रवेश नहीं होने देंगे।

### ।। अन्य कार्य ।।

- **ग्रामीणों को सुबह चाय की जगह पर काढ़े का प्रयोग करने के लिए जागरुक किया गया।**
- **कोरोना वैक्सीन लगवाने हेतु गाँव में जागरुकता अभियान चलाया गया।**

**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**
**Facebook : Adarshgaonkadipur**





# स्वयं सहायता समूह द्वारा गाँव में श्रमदान

## नगलावर, मथुरा (उत्तर प्रदेश)

मथुरा जिले में दीनदयाल धाम से 02 किलोमीटर दूर सूर्या फाउण्डेशन - आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत नगलावर गाँव में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, समरसता और स्वावलंबन के लिए महत्त्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। महिला स्वावलंबन के लिए संस्था द्वारा महिला स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया। इन समूहों के सदस्यों को समय-समय पर स्वरोजगार हेतु अनेक प्रकार के प्रशिक्षण भी कराये जाते हैं जिसमें, हस्तशिल्प कला प्रशिक्षण, सिलाई प्रशिक्षण, गौ-उत्पाद से धूपबत्ती, मंजन, गोनाइल (फिनाइल) आदि बनाने का प्रशिक्षण कराया जाता है।

नगलावर गाँव में समय-समय पर स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, सेवाभावियों, यूथ क्लब के युवाओं, संस्कार केन्द्र के भैया-बहनों आदि के द्वारा सामूहिक श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया जाता है।

### ।। अन्य कार्य ।।

- **यूथ क्लब के युवाओं द्वारा 100 मास्क वितरण किया गया।**
- **सूर्या सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र पर महिलाओं को मास्क बनाना सिखाया गया।**
- **फेसबुक लाइव वेबिनार के माध्यम से शिक्षक, सेवाभावी व युवाओं को जोड़ा गया।**
- **पोषण वाटिका बनाने वाले परिवारों का चयन किया गया।**

वर्तमान समय में कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए गाँव में सेवाभावी, युवाओं और बच्चों के द्वारा सामूहिक श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया जिसमें सड़क, नालियों, मंदिर, खेल का मैदान आदि की सफाई की गयी। सभी कूड़े को गाँव के बाहर कूड़ेदान में डाला गया साथ ही ग्रामीणों को अपने घर के आसपास सफाई रखने व कूड़ेदान के प्रयोग करने के बारे में जागरुक किया गया।

समूह की महिलाओं ने इस कोरोना महामारी में गाँव के 10 गरीब परिवारों में मुफ्त राशन भी वितरण किया।

**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**
**Facebook : Adarshgaonnaglawar**





# निःशुल्क महासुदर्शन वटी वितरण

## नयागाँव, झज्जर (हरियाणा)

सूर्या फाउण्डेशन के कार्यकताओं द्वारा स्वनिर्मित महासुदर्शन घनवटी का निर्माण किया गया, जो पूरी तरह कैमिकलमुक्त और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए सूर्या फाउण्डेशन द्वारा चयनित आदर्श गाँव नयागाँव में दिनांक 26 मार्च 2021 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में महासुदर्शन घनवटी का वितरण 20 परिवारों में किया गया, महासुदर्शन घनवटी समस्त प्रकार के बुखारों के लिए श्रेष्ठ औषधि है। इसका सेवन करने से शरीर का ताप थोड़े समय में ही कम होने लगता है।

लंबे समय तक सुदर्शन घनवटी का सेवन करने से शरीर में अज्ञात बुखार भी खत्म हो जाता है। नियमित सेवन करने से बुखार के साथ-साथ कई प्रकार के रोग भी नष्ट हो जाते हैं। महासुदर्शन घनवटी की खास बात यह है कि इसका सेवन किसी भी उम्र के लोग कर सकते हैं। इसके सेवन करने का कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होता है। बच्चों को भी सेवन करने के लिए दिया जा सकता है।

18 साल से ऊपर के लोग दो गोली ले सकते हैं। इसके सेवन करने का सबसे अच्छा माध्यम गर्म दूध तथा गर्म पानी है इसके साथ घनवटी का सेवन करने से बहुत लाभ मिलता है। इन सब बातों को बताते हुए सूर्या फाउण्डेशन के कार्यकर्ताओं नें परिवारों में महासुदर्शन घनवटी का वितरण किया जिसका लाभ गाँव के परिवारों को मिला।

**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**
**Facebook : Adarshgaonnayagaon**




### कोरोनाकाल के चलते बांटी महासुदर्शन वटी



बहादुरगढ़ | सूर्या फाउंडेशन ने आदर्श गांव योजना के अंतर्गत कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए सूर्या फाउंडेशन समय-समय पर लोगों को कोरोनो महामारी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाते रहे है। जिसके अंतर्गत गांवों में सेनिटाइजर व मास्क वितरण हवन पूजन व कभी-कभी रैली निकाल कर लोगों को जागरूक कर रह हैं। इसी क्रम में बुधवार को आदर्श गांव नयागांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व सूर्या फाउंडेशन के माध्यम से महासुदर्शन वटी का वितरण परिवारों में किया गया। जिसमें आदर्श गांव कार्यकर्ता अभिषेक उपाध्याय व शिक्षक जतिन ने लोगों को बताया कि महासुदर्शन वटी से बुखार में जल्द आराम मिलता है यह शरीर में रहने वाले अधिक दिनों से बुखार को जल्द ठीक करता है।

### ।। अन्य कार्य ।।

- वैक्सिनेशन हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया।
- पोषण वाटिका हेतु सर्वे किया गया।
- माताओं, बहनों, सेवाभावियों और युवाओं को फेसबुक लाईव के जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# कोरोना महामारी जागरुकता अभियान

## नांदियाकल्ला, जोधपुर (राजस्थान)





जैसा कि हम सभी जानते हैं कि इस समय पूरी दुनिया कोरोना महामारी के दूसरी लहर से जूझ रही है। इससे अथर्व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ा है। इस बार तो यह महामारी गाँव में भी अपना पाँव पसार चुकी है। हालांकि लोगों ने वैक्सीन लगवाना चालू कर दिया है, लेकिन कोरोना से लड़ने के लिए अपनी रोग प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने की आवश्यकता है।

उपरोक्त बात को ध्यान देते हुए नांदियाकल्ला के सरपंच श्री जसवंत सिंह भाटी, सेवाभावी कार्यकर्ता एवं संघ परिवार मिलकर सेवा कार्य में जुटे हैं। लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़े इसके लिए हर–घर तक **गिलोय, अमृत-काढ़ा तथा हेम्योपैथिक दवा के साथ मास्क वितरण किया गया।** साथ ही सामाजिक दूरी, मास्क का नियमित प्रयोग, नियमित योग, प्राणायाम, ध्यान के प्रति लोगों को जागरुक किया गया।

कार्यकर्ताओं ने संदेश देते हुए कहा कि इस समय हम लोगों को कोरोना से बचाव के नियमों का पालन करना चाहिए और अपने आस–पास की साफ–सफाई रखना चाहिए। अपने आप को व्यस्त रखना तथा रचनात्मक कार्यों में सहभागिता निभाना चाहिए। इससे शरीर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस पुनीत कार्य में सूर्या फाउण्डेशन और महाराणा प्रताप यूथ क्लब के कार्यकर्ता कोरोना योद्धा की तरह जुटे हैं।

### ।। अन्य कार्य ।।

- **पोषण वाटिका हेतु सम्पर्क किया गया।**
- **वैक्सीन लगवाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया।**
- **सेवाभावी व युवाओं द्वारा जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण महाअभिान हेतु बैठक आयोजित की गयी।**

**नांदियाकल्ला ने ठाना है,**
**कोरोना को हराना है।**

**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**
**Facebook : Adarshgaonnandiyakalla**

# ग्रामीणों के सहयोग से गाँव में सेनिटाइजेशन

## मूण्डला, सीहोर (मध्य प्रदेश)

इस समय जब हमारा देश और पूरी दुनिया कोरोना महामारी जैसे भयंकर संकट से जूझ रही है ऐसे में सरकार द्वारा लोगों को इस बीमारी से बचाने के लिए युद्ध स्तर पर कई प्रयास किए जा रहे हैं साथ ही देश में कई सामाजिक संगठन और लोग अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए इस लड़ाई में सरकार का साथ दे रहे हैं **सूर्या फाउण्डेशन** भी देश के अलग-अलग राज्यों के गाँवों में कोरोना से बचने के लिए जागरुकता अभियान चला रहा है।

सूर्या फाउण्डेशन द्वारा चयनित मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के ग्राम मूण्डला में कोरोना वायरस के प्रति लोगों को जागरुक किया गया साथ ही गाँव के सरपंच और सूर्या फाउण्डेशन के सेवाभावी श्री कैलाश पटेल जी के प्रयास से गाँव में सैनिटाइजर का छिड़काव किया गया। गाँव के सेवाभावियों के माध्यम से गाँव में जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों ने घर-घर जाकर उन लोगों को कोरोना से बचाव के लिए उपाय बताया साथ ही वैक्सीन लगवाने का आग्रह भी किया गया इस अभियान में आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का भी विशेष योगदान रहा और महिला स्वयं सहायता समूह ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर जागरुकता अभियान को सफल बनाया।

गाँव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं सूर्या फाउण्डेशन के शिक्षक गुलाब सिंह जी का भी विशेष योगदान रहा ऐसे कई गाँव के सेवाभावियों ने अपना योगदान दिया। सरपंच श्री कैलाश पटेल जी ने बताया कि यह जागरुकता अभियान गाँव में निरंतर चल रहा है जिसके अंतर्गत लोगों को मास्क वितरण भी किए गए हैं और लोगों से अपील की गई है कि गाँव को कोरोना मुक्त बनाने में पंचायत का सहयोग करें।

**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**
**Facebook : Adarshgaonmundla**

### ।। अन्य कार्य ।।

- शमशान घाट का सौंदर्यीकरण कराया गया।
- गाँव में खेल के लिए पार्क का कार्य गतिशील है।
- महिला स्वयं सहायता समूह की पाँच बहनों द्वारा पापड़ बनाने का कार्य शुरू किया गया।





# गाँव में निःशुल्क काढ़ा वितरण

## पेण्ड्री, राजनांदगाँव (छत्तीसगढ़)

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना द्वारा चयनित गाँव पेण्ड्री (राजनांदगाँव) के युवा शक्ति संगठन के युवाओं द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा बताए गए विभिन्न औषधियों से काढ़ा बनाकर गाँव के लोगों की इम्यूनिटी पावर को मजबूत रखने के लिए काढ़ा वितरण किया गया। गाँव के लोगों को काढ़ा बनाने की विधि के बारे में भी बताया गया, युवाओं द्वारा यह संकल्प लिया गया कि गाँव में प्रत्येक सप्ताह यह काढ़ा वितरण अभियान चलाया जाएगा। पहले सप्ताह के अभियान में गाँव के 80 परिवारों को आयुर्वेदिक काढ़े का लाभ मिला है। जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि हुई है।

अब अधिकतर ग्रामवासी अपने परिवारों में भी इस विधि को अपना रहे है। युवा बंधुओं द्वारा सामान्य दिशा-निर्देशों की जागृति हेतु प्रत्येक सप्ताह माइक द्वारा एनाउंसमेंट कर स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बनाए गए सभी नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता की जाती हैं। इस अवसर पर बनाए गए सभी नियमों का कड़ाई से पालन किया गया। वर्तमान समय को देखते हुए इस दौरान सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि आप अपनी इम्यूनिटी को मजबूत रखें, साथ ही हेल्थ एक्सपर्ट द्वारा बताए गए टिप्स को फॉलो करें।

**आयुर्वेदिक काढ़ा सामग्री :-** लौंग 2, पानी 2 कप, अदरक का रस 2 चम्मच, काली मिर्च 1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते 3-4, दालचीनी 1 चुटकी, गुड़ स्वादानुसार।

**काढ़ा बनाने की विधि :-** काढ़ा बनाने के लिए एक बर्तन में पानी उबालें, इसमें अदरक का रस, तुलसी के पत्ते, दालचीनी, डालकर उबालें 3-4 मिनट के बाद इसमें काली मिर्च और लौंग और गुड़ डाल दें, इसे थोड़ी देर उबालें। 5 मिनट में आपका काढ़ा तैयार है।

**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**
**Facebook : Adarshgaonpendri**

### ।। अन्य कार्य ।।

- **ग्राम विकास हेतु युवा शक्ति टीम की बैठक आयोजित की गयी।**
- **शिक्षक बंधुओं द्वारा गाँव में सेवाकार्य के लिए योजना बनाई गयी।**
- **सेवाभावियों एवं माताओं के द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया।**



# मास्क वितरण एवं वैक्सिनेशन हेतु जागरुकता

## सलोई, विदिशा (मध्य प्रदेश)

पिछले वर्ष 2020 से पूरा देश कोरोना महामारी के संकट से जूझ रहा है। इस संकट की घड़ी में सरकार तो अपना काम कर ही रही है। साथ ही कई सामाजिक संगठन और अन्य लोग भी लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं। समाज सेवी संस्था सूर्या फाउण्डेशन भी देश के 18 राज्यों के अलग-अलग गाँवों में कोरोना जागरुकता कार्यक्रम चला रही है।

कोरोना जागरुकता के लिए सूर्या फाउण्डेशन की टीम और सेवाभावियों के प्रयास से अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत गाँव में मास्क वितरण कराया गया और लोगों को घर-घर जाकर कोरोना से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। गाँव में वैक्सीन लगवाने हेतु जागरुकता के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया जिसमें पत्रक के माध्यम से गाँव के सभी परिवारों में जागरुकता पत्रक दिया गया और दीवारों पर भी पत्रक लगाए गए।

अभी भी गाँवों में वैक्सीन को लेकर कई अफवाह फैल रही हैं। लोग वैक्सीन लगवाने से डर रहे हैं, उन्हें लगता है कि वैक्सीन को लगवाने के बाद कोई बीमारी आ सकती है। इसी को देखते हुए संस्था की टीम और सेवाभावियों ने मिलकर यह निर्णय लिया कि गाँव के सभी परिवारों में सम्पर्क कर लोगों को जागरुक किया गया।

कोरोना जागरुकता अभियान के पत्रक में कोरोना से बचाव के लिए सावधानियों के साथ-साथ वैक्सीनेशन से जुड़े प्रश्नों के उत्तर भी लिखे गए थे, जिससे लोग वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित हो।

**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**
**Facebook : Adarshgaonsaloi**

### ।। अन्य कार्य ।।

- **पशुओं को पानी पीने के लिए सार्वजनिक स्थान पर पानी टंकी का निर्माण करवाया गया।**
- **ग्रामीणों के सहयोग से गाँव में जल एकत्रित करने के लिए 3 नए गड्ढों का निर्माण करवाया गया।**






# स्वच्छता अभियान के साथ मास्क वितरण

## लोनाँव, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना द्वारा लोनाँव गाँव को चयनित किया गया है। गाँव के विकास हेतु अनेकों प्रकार की गतिविधियाँ संस्था द्वारा चलाई जा रही हैं। जैसे- वृक्षारोपण, जल संरक्षण, ग्राम गौरव मेला, खेलकूद प्रतियोगिता, मिनी पीडीसी, रन फॉर यूनिटी आदि।

गाँव में युवाओं के विकास हेतु सूर्या यूथ क्लब, छोटे बच्चों में संस्कार का विकास हो इसके लिए सूर्या संस्कार केन्द्र, गाँव की महिलायें स्वरोजगार करें, स्वावलंबन इसके लिए स्वयं सहायता समूह का गठन और बहनों की प्रतिभा को निखारने के लिए सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र चलाया जाता है।

लोनाँव गाँव के लोग हमेशा स्वच्छता के प्रति जागरुक रहें हैं, इसके लिए गाँव के युवा, माताएँ-बहनें, सेवाभावी आदि मिलकर समय-समय पर सामूहिक श्रमदान के माध्यम से सफाई अभियान चलाते हैं।

वर्तमान समय में कोरोना महामारी को ध्यान में रखते ग्रामीणों ने यह संकल्प लिया कि गाँव को निरोगी बनायेंगें, इसका आधार है स्वच्छता। गाँव को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के लिए गाँव की माताओं, बहनों, युवाओं, सेवाभावियों ने पूरे मनोभाव से सामूहिक रूप से मिलकर श्रमदान किया। साथ ही साथ सेवाभावियों और युवाओं के सहयोग से जरूरतमंद परिवारों में मास्क और सेनिटाजर का वितरण किया गया और मास्क नियमित लगाने के लिए आग्रह भी किया गया।

**अधिक जानकारी के लिए क्लिक करें**
**Facebook : Adarshgaonlonav**

### ।। अन्य कार्य ।।

- **मास्क और सेनिटाजर का वितरण किया गया।**
- **काढ़े व गर्म पानी का नियमित उपयोग करें इसके लिए सम्पर्क अभियान चलाया गया।**
- **बच्चे घर पर रहकर पढ़ाई करें इसके लिए सम्पर्क किया गया।**






# समाचार पत्रों में प्रकाशित...

## सूर्या फाउंडेशन ने चलाया महामारी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान




बहादुरगढ़। सूर्या फाउंडेशन न्यू दिल्ली द्वारा संचालित आदर्श गांव योजना के अंतर्गत कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए सूर्या फाउंडेशन समय समय पर लोगो को कोरोनो महामारी से बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाते रहे है। जिसके अंतर्गत गांवों में सेनीटाइजर व मास्क वितरण हवन पूजन व कभी कभी रैली निकाल कर लोगो को जागरूक करते रहते हैं। इसी क्रम में आज आदर्श गांव नयागांव में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व सूर्या फाउंडेशन के माध्यम से महासुदर्शन वटी का वितरण 20 परिवारों में किया गया। जिसमें आदर्श गांव कार्यकर्ता अभिषेक उपाध्याय व शिक्षक जतिन उपस्थित रहे महासुदर्शन वटी से बुखार में जल्द आराम मिलता है। यह शरीर में रहने वाले अधिक दिनों से बुखार को जल्द ठीक करता है। इसका सेवन 5 साल से अधिक के सभी लोग कर सकते है यह वटी शरीर के इम्युनिटी पॉवर को भी बढ़ाता है 18 साल से कम के बच्चो एक गोली रात्रि में सोने से पहले व उससे अधिक उम्र के लोग दो गोली ले सकते है महासदर्शन वटी में आंवला, अश्वगंधा,

## सैकड़ों लोगों को पिलाया काढ़ा, वैक्सीनेशन के लिए किया प्रेरित

न्यूज सर्विस/नवज्योति, नागौर

कोरोना से बचाव को लेकर जिले में बुधवार को जगह-जगह काढ़ा पिलाकर आमजन को वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान मास्क भी बांटे गए। इसी क्रम में सेवा भारती समिति की ओर से बुधवार को लूणदा में ग्रामीणों को कोरोना से बचाव के लिए आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया गया। सेवा भारती के तहसील अध्यक्ष रवि बोथरा ने बताया कि गांव में करीब 250 ग्रामीणों को काढ़ा पिलाया गया तथा वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विभाग सेवा प्रमुख बीएस राठौड़, लक्ष्मण भाटी, झूमरराम प्रजापत, मुल्तानराम मेघवाल, आनंदसिंह, मोहनराम खाती, सुखदेव, कोजाराम, खिंयाराम राव, रामपाल, सवाईसिंह, जेठाराम, हुकमाराम प्रजापत, मदनराम रमेश खाती, रेवंतसिंह, सुरेश प्रजापत







खींवसर। कोरोना को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा आरोग्य भारती ने सेवा कार्य का बीड़ा उठाया

बताया कि नांदिया कला में कोरोना से बचाव के लिए कार्यकर्ताओं ने आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया व मास्क

सिंह भाटी ने ग्रामीणों को कोरोना गाइडलाइन की पालना का आह्वान किया। इसी प्रकार सूर्या फाउंडेशन तथा महाराणा प्रताप यूथ क्लब के कार्यकर्ता, स्वयं समूह सहायता की बहनें तथा सुखदेव दर्जी के परिवार ने मास्क बना कर उपलब्ध करवाए। इस दौरान प्रकाश सोनी, भीख पुरी गोस्वामी, बाबूलाल, रूघाराम सोनी, दिलीप सिंह भाटी, किशनसिंह पंवार, बाबूलाल दर्जी, मोहन राम गर्ग, गणपत मेघवाल, भगवान राम सुथार आदि की सहभागिता रही। वहीं कोरोना महामारी के मद्देनजर जहां एक और सरपंच के द्वारा खींवसर कस्बे में सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करवाया गया।

## सूर्या फाउंडेशन की आदर्श गांव योजना द्वारा देशभर में ग्राम विकास की जानकारी हेतु अनोखी पहल

काशीपुर एक्सप्रेस, काशीपुर

काशीपुर। सूर्या फाउंडेशन द्वारा आदर्श गांव योजना के अंतर्गत पांच आयाम-शिक्षा, संस्कार, समरसता, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के अभियान जैसे विश्व योग दिवस, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, आदि चलाए जा रहे है। इस कार्य में 50 पूर्णकालिक कार्यकर्ता, 600 शिक्षक, 1500 सेवाभावी अपनी सेवाएं दे रहे है। कोरोना काल में प्रत्यक्ष रूप से लोगो के बीच जाकर मिलना जुलना, काम करना कठिन होने कारण संस्था ने आपदा को अवसर के रूप में लेते हुए आन लाइन बेबीनार के द्वारा अपने शिक्षक, सेवाभावी और पूर्णकालिक कार्यकर्ताओ को सक्रिय रखने और गांव व समाज से जुड़ी उपयोगी बाते लोगों तक पहुंचाने के लिए एक अनोखी शुरुआत की है। संस्था के माध्यम से मई माह में 5 बेबीनार- पर्यावरण एवम जल संरक्षण वक्ता राकेश जैन (अखिल भारतीय सह संयोजक, पर्यावरण विभाग, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ),वर्तमान समय में गाय और गौ आधारित कृषि का महत्त्व वक्ता श्रीमान सुनील मानसिंहका (विश्व हिंदुपरिषद के गोरक्षा विभाग के केंद्रीय मंत्री ,राष्ट्रीय पंचगव्य अनुसंधान समिति व भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य तथा कामधेनु आयोग के पूर्व सदस्य),मेरा गांव,मेरा तीर्थ वक्ता मनोज भाई सोलंकी (अध्यक्ष अक्षय कृषि परिवार गुजरात एवं प्रान्त ग्राम विकास प्रमुख-सौराष्ट्र प्रान्त),गांव में फैल रहे कोरोना व ब्लैक फंगस की रोकथाम एवम् सुरक्षा वक्ता डा.अनिल अग्रवाल (हृदय रोग विशेषज्ञ महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल दिल्ली, मा. विभाग संघचालक केशवपुरम विभाग),आदर्श गांव पुंसरी की विकास यात्रा वक्ता हिमांशु भाई पटेल (सरपंच आदर्श गांव पुंसरी सांवरकांठा गुजरात) आयोजित किए गए। इसी



श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए जून माह में गौपालन का वैज्ञानिक प्रबंधन एवम् गौ कृपा अमृतम विषय पर गोपाल भाई सुतारिया(संथापक वंशीगिर गौ शाला एवम गौ तीर्थ विद्या पीठ अहमदाबाद), का मार्गदर्शन मिला। आगे भी वर्तमान समय में शिक्षा-बच्चे एवम् अभिभावकों की भूमिका, भारतीय परिवार, महिला सशक्तिकरण, और समाज में संस्कार पक्ष मजबूत कैसे हो आदि विषयों पर वेबीनार के माध्यम से विभिन्न विद्वानों का मार्ग दर्शन मिलेगा। संस्था ने वेबीनार कराकर कार्यकर्ताओं में विषम परिस्थितियों में कार्य करने का गुण विकसित करने तथा ग्राम विकास की नई नई बाते लोगो तक पहुंचाने का सराहनीय प्रयास किया है।

काशीपुर, 10 जून 2021, गुरूवार — मंगलभूमि टाइम्स

## जल संरक्षण महाअभियान का शुभारंभ



काशीपुर (मंटा संवाददाता)। सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत वर्तमान में सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रमुख रुप से वृक्षारोपण महाअभियान, 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हेतु रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम एवं वेबिनार के मध्यम से ग्राम विकास की बाते और साथ ही जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। हम सबको पता है कि आज जल की महत्ता कितनी बढ़ गई है। 'जल है तो कल है, जल ही जीवन है, जीवन का आधार जल है' इस प्रकार की जल संबंधी स्लोगन आज प्रचलित है। हालांकि पृथ्वी पर सबसे ज्यादा जल की मात्रा है किंतु फिर भी आज पीने योग्य जल की बात करें तो 1 प्रतिशत से भी कम रह गए हैं। जिसका कारण दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे जल की आवश्यकता चाहे औद्योगिक क्षेत्र हो, फसलों के लिए या दैनिक जीवन में जल की उपयोगिता इन सभी की आवश्यकता समय के अनुसार बढ़ गई है। जिसके कारण आज भूजल स्तर नीचे चला गया है। अतः हम सबको जल संरक्षण हेतु प्रयास करने की आवश्यकता है, जिससे कि भविष्य के लिए जल को बचाया जा सके। जल संरक्षण हम सब को अपने स्वयं से ही शुरुआत करने होंगे। तब ही आज जल की बचत संभव है क्योंकि बहुत सारे जल हमारे दैनिक उपयोग में बर्बाद हो जाते हैं जैसे ब्रश, सेविंग, नहाने धोने एवं अन्य दैनिक कार्य में उपयोग किया जाने से भी बहुत सारे जल बर्बाद हो रहे हैं। जल संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो विभिन्न स्थानों में प्रयास किए हैं जिसमें राजस्थान के लापोड़िया गांव का उदाहरण जहां पानी की कमी के कारण लोग गांव से पलायन शुरू कर दिए थे लेकिन फिर बाद में वहां के लक्ष्मण सिंह अपने साथियों के साथ जल संरक्षण के विषय में कार्य शुरू किए और वहां 'चौका सिस्टम' विकसित किया। जिसमें वर्षा जल को संग्रहित कर फसल के लिए एवं अन्य कामों के उपयोग किया जाने लगा जिसके परिणाम स्वरूप वहां का भू जलस्तर भी ऊपर आ गया और आज वह अपने गांव के साथ साथ आसपास के 58 गांव में भी जल सप्लाई का कार्य कर रहे हैं। ऐसे ही मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के आसपास के किसान द्वारा अपने खेतों में गड्ढा खोदकर जल संचय कर वर्षा जल को फसल के उपयोग में लाने का काम कर रहे हैं, ऐसे ही छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले नरवा परियोजना के तहत विशिष्ट कार्य करने और जलसंरक्षण करने के कारण पूरे भारत में प्रथम स्थान रहा। ऐसे ही वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा जल को संग्रहित कर भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। फाउंडेशन द्वारा भी इस प्रकार के कार्यो को बढ़ावा देने के लिए गांव में जन जागरण अभियान चलाया जा रहे हैं। जिसमें संस्कार केंद्र के भैया बहनों द्वारा चित्रकला, भाषण लेखन, संभाषण प्रतियोगिता छोटे-छोटे जागरूकता रैली, बड़े लोगों के छोटी-छोटी गोष्ठी के माध्यम से जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जल संरक्षण के लिए हम सबको जल का उपयोग करने की मात्रा को कम करने होगा। चाहे वो दैनिक जीवन में, खेतो में या कल कारखानों में कम से कम जल का उपयोग कर कार्य करने होंगे। हमे जल का उपयोग बार बार करने होंगे जैसे नहाने, कपड़े धोने, बर्तन धोने के पानी का पौधो, पार्को आदि में प्रयोग करना। आरओ से निकलने वाले पानी को बर्तन धोने, कपड़े धोने में प्रयोग किया जा सकता है। जो पानी खराब है उपयोग योग्य नही है उन्हे फिल्टर कर उसे उपयोग करना, जाए नाले का पानी, शौचालय का पानी आदि को चक्रित कर खेतो पार्कों एवम गार्डन में प्रयोग किया जा सकता है। हम सब को पता है हम पानी बना नही सकते केवल बचा सकते है। अतः वर्षा जल को तालाब, कुआं, जलाशय, बांध और वाटर हार्वेस्टिंग के मध्यम से हम भूजल स्तर को बढ़ा सकते है। इन सिद्धांतों के माध्यम से हम अधिक से अधिक जल का संचय एवं संरक्षण कर सकते हैं। सूर्या फाउंडेशन इन्ही सिद्धांतो के मध्यम से देश भर में जागरूकता अभियान चालू किया है जिससे वर्षा जल संरक्षण हेतु पहले से तैयारी कर सके और अधिक से अधिक जल संरक्षण में मदद मिल सके। इस अभियान के अंतर्गत सूर्या रोशनी प्लांट के आसपास के 12 गांव में जल संरक्षण अभियान चलाया जाएगा यह जानकारी क्षेत्र उत्तराखंड के क्षेत्र प्रमुख नीतिश कुमार ने दी।